बेलमोर्ट पार्क के मेंटेनेंस ऑफिस में लगी भीषण आग

- महत्वपूर्ण दस्तावेज और सामान जलकर खाक
- खंडवा रोड और रेडिसन चौराहे पर भी हुई आग लगने की घटनाएं

नव भारत न्यूज

इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र के बेलमोर्ट पार्क में स्थित मेंटेनेंस और टाउनशिप बिल्डर के कार्यालय में आज सुबह अचानक आग लग गई. हादसे में ऑफिस में रखा पूरा सामान और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर खाक हो गए. सूचना मिलने पर पहुँची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई.

लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित बेलमोर्ट पार्क के मेंटेनेंस ऑफिस में सुबह करीब 5 बजे आग लग गई. मौके पर मौजूद गार्ड ने सबसे पहले धुआं उठता देखा और आसपास के लोगों को सूचना दी. स्थानीय लोगों ने प्रारंभिक प्रयास किए, लेकिन आग तेजी से फैल गई. सूचना मिलते ही दमकल की टीम पहुंची और आग पर नियंत्रण किया गया. फायर ब्रिगेड के एएसआई सुशील कुमार दुबे ने बताया कि आग में ऑफिस का पूरा फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान और महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर नष्ट हो गए. आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है.

महिदपुर वाला फर्नीचर वाली मल्टी में सुलगी आग–वहीं, रेडिसन चौराहे के पास महिदपुर वाला फर्नीचर की बहुमंजिला बिल्डिंग के सातवें माले पर भी बुधवार सुबह करीब 10.30 बजे आग लग गई. सूचना मिलने के करीब 15 मिनट के भीतर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं. आग बिल्डिंग के पिछले हिस्से में लगी थी, जिससे पूरे परिसर में धुआं भर गया. दमकलकर्मियों ने कर्मचारियों की मदद से आग पर काबू पा लिया. घटना की सूचना पर विजयनगर और खजराना थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची. दमकल अधिकारियों के अनुसार यहां भी शॉर्ट सर्किट को आग का संभावित कारण माना जा रहा है.

सब्जी दुकान में भड़की आग, शॉर्ट सर्किट की आशंका

भंवरकुआं थाना क्षेत्र के अंतर्गत खंडवा रोड स्थित अनुराधा नगर में भी बुधवार अलसुबह एक सब्जी की दुकान में आग लग गई. इसमें दुकान के भीतर रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया. फायर ब्रिगेड के अनुसार, आग अनुराधा नगर निवासी बबली पति प्रीतम सिंह की सब्जी दुकान में लगी थी. सुबह तड़के अचानक दुकान से लपटें उठती देख क्षेत्र के लोगों में अफरा-तफरी मच गई. सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुँची और करीब 1000 लीटर पानी का उपयोग कर आग पर पूरी तरह काबू पाया. शुरुआती जांच और परिस्थितियों के आधार पर आशंका जताई जा रही है कि बिजली के तारों में हुए शॉर्ट सर्किट की वजह से यह आग भड़की होगी.

बैंक कर्मचारी ने दो ग्राहकों के खाते से उड़ाए 9.74 लाख रुपए

- एटीएम-ओटीपी के जरिए दो खातों से की रकम पार
- बीजलपुर स्थित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शाखा का मामला
- महिला की शिकायत पर केस दर्ज, जांच शुरू

नव भारत न्यूज

इंदौर. राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के बीजलपुर में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के एक कर्मचारी पर महिला और उसके देवर के खातों से करीब 9.74 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार, बीजलपुर निवासी द्रोपती बाई पति हीरालाल वर्मा ने शिकायत दर्ज कराई है कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की बीजलपुर शाखा में पदस्थ कर्मचारी विष्णु शर्मा ने उनके देवर सत्यनारायण के खाते से धोखाधड़ी करते हुए लाखों रुपए निकाल लिए. आरोपी ने कथित रूप से बिना जानकारी दिए सत्यनारायण का एटीएम कार्ड जारी कराया और उसे अपने पास ही रख लिया. इसके बाद 3 अगस्त 2025 से 14 अगस्त 2025 के बीच एटीएम और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए सत्यनारायण के खाते से करीब 4 लाख 89 हजार रुपए निकाल लिए. सत्यनारायण को इस संबंध में कोई जानकारी नहीं थी.

आरोपी ने महिला के घर आकर बैंक खाता आधार से लिंक किया था–शिकायत में महिला ने बताया कि 16 सितंबर 2025 को आरोपी उनके घर पहुंचा और बैंक खाता आधार से लिंक नहीं होने की बात कहकर ओटीपी मांगा. ओटीपी लेते ही आरोपी ने उनके खाते से करीब 4 लाख 85 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए. वहीं पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी पहले सत्यनारायण की दुकान पर खाता खुलवाने के लिए पहुंचा था. उसी दौरान उसने कथित रूप से एटीएम कार्ड जारी कर अपने कब्जे में रख लिया और बाद में धोखाधड़ी को अंजाम दिया. पुलिस ने बताया कि आरोपी ने निकाली गई रकम का कुछ हिस्सा भूपेंद्र नाम के व्यक्ति के खाते में भी ट्रांसफर किया है. राजेंद्र नगर पुलिस ने संयुक्त एफआईआर दर्ज कर आरोपी विष्णु शर्मा से पूछताछ शुरू कर दी है और ट्रांजेक्शन डिटेल खंगाल रही है.

इंदौर-बुधनी रेल लाइन से प्रभावित किसान आज अजय सिंह से मिलेंगे

इंदौर. इंदौर-बुधनी रेलवे लाइन और आउटर रिंग रोड परियोजनाओं से प्रभावित इंदौर जिले के किसान अपनी मांगों को लेकर गुरुवार को पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया से मुलाकात करेंगे. किसान दोपहर 2 बजे सांवेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धतुरिया में एकत्र होकर अपनी समस्याएं रखेंगे.

किसान नेता हंसराज मंडलोई के अनुसार, अजय सिंह पिछले दो दिनों से इंदौर जिले के दौरे पर हैं और ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर रहे हैं. इसी दौरान वे ग्राम धतुरिया में वरिष्ठ किसान नेता रतन सिंह सांखला के निवास पर किसानों से मुलाकात करेंगे. इस बैठक में इंदौर-बुधनी रेल लाइन और आउटर रिंग रोड (पूर्वी व पश्चिमी) से प्रभावित किसान बड़ी संख्या में शामिल होंगे. किसानों का आरोप है कि भूमि अधिग्रहण के मामले में उन्हें उचित मुआवजा नहीं मिला है. उनका कहना है कि क्षेत्रीय विधायक और प्रदेश सरकार में मंत्री तुलसी सिलावट भूमि अधिग्रहण समिति के सदस्य होने के बावजूद किसानों को बाजार मूल्य का चार गुना मुआवजा दिलाने में असफल रहे हैं. किसानों ने मंत्री पर उनके साथ अन्याय और धोखा करने के आरोप भी लगाए हैं.

48 घंटे में किया अपहरण का खुलासा, युवक को सकुशल छुड़ाया

- बकरे खरीदने के दौरान पैसों के विवाद में की थी वारदात
- दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

नव भारत न्यूज

इंदौर. खजराना थाना क्षेत्र में गुमशुदा हुए युवक का मामला महज 48 घंटे में सुलझाते हुए पुलिस ने उसे सकुशल दस्तयाब कर लिया. जांच में सामने आया कि युवक का अपहरण उसके दो परिचितों ने ही पैसों के विवाद में किया था. पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.

सोमवार 18 मई को महफूज पिता जाकिर हुसैन उम्र 19 साल निवासी राजा कॉलोनी चंदन नगर, शहीद पेट्रोल पंप के पास से अचानक लापता हो गया था. परिजनों की सूचना पर खजराना थाने में की थी. मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर विशेष टीम गठित की गई और तलाश शुरू की गई. जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर सूचना के आधार पर युवक को सकुशल बरामद कर लिया. डीसीपी जोन-2 अमन सिंह राठौर ने बताया कि पूछताछ में खुलासा हुआ कि महफूज को उसके ही परिचित और बिजनेस पार्टनर मेहफूज पिता मेहमूद खान उम्र 37 साल निवासी माणिकबाग और फिरोज पिता मेहबूब खान उम्र 35 साल निवासी ग्राम मुंडला कला, थाना मंडी, जिला सीहोर अपने साथ ले गए थे. दोनों ने बकरे खरीदने के दौरान हुए पैसों के लेन देन के विवाद के चलते उसे बंधक बनाया था. मामले में फरियादी की शिकायत पर खजराना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच की फिर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया.

एक नजर में

अभा मारवाड़ी सम्मेलन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

महू. अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन की महू इकाई द्वारा नई कार्यकारिणी के गठन के बाद शपथ विधि कार्यक्रम का संगठन की नवनियुक्त सचिव मोनाली शर्मा के निवास पर गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राष्ट्रीय बाल विकास प्रमुख अंशु गुप्ता एवं प्रांतीय बाल विकास प्रमुख सरिता खंडेलवाल ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई. नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष अन्नपूर्णा शर्मा, सचिव मोनाली शर्मा, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राणा को मनोनीत किया गया है. शपथ ग्रहण के बाद संगठन की सभी सदस्याओं ने समिति के कार्यों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से करने का सामूहिक संकल्प लिया. कार्यक्रम के समापन पर पूर्व अध्यक्ष अनिता मित्तल ने उपस्थित सभी अतिथियों, नवनियुक्त पदाधिकारियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया.

विद्यार्थियों ने सीखे संस्कार, योग, खेल व व्यक्तित्व विकास के गुर

महू. ग्राम कोदरिया में पहली बार आयोजित संस्कार शिविर एवं समर कैंप का भव्य समापन श्री एकेडमी कोदरिया परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ. इस विशेष आयोजन में गांव एवं शहर के अनेक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक, शारीरिक एवं बौद्धिक गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया. संस्कार शिविर में विद्यार्थियों को मंत्रोच्चार, संस्कृत सूक्तियां, सूर्य नमस्कार के मंत्रों सहित अभ्यास, प्राणायाम, योगाभ्यास, दंड प्रशिक्षण एवं भारतीय ग्रामीण पारंपरिक खेलों जैसे रस्साकसी, गधामार, सितोलिया, एक्की-बेकी एवं खो-खो का प्रशिक्षण दिया गया. वहीं समर कैंप में विद्यार्थियों ने स्केटिंग, बेसबॉल, कुश्ती, कबड्डी, कराते, अबेकस, वैदिक मैथ्स, डांस, ड्राइंग तथा आर्ट एंड क्राफ्ट जैसी गतिविधियों में प्रशिक्षण प्राप्त किया. प्रशिक्षण कार्य डॉ. राजेश कुमार पाटीदार, सुदर्शन पाटीदार, अजय यादव, निकिता कौशल, पूजा अमेरिया, सोहन भावसार, शुभम खरे द्वारा कराया गया. समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रेरणादायी पुस्तकों से पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री एकेडमी के को-डायरेक्टर मिश्रीलाल पाटीदार एवं सत्यनारायण पाटीदार रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. हेमलता पाटीदार ने की. संचालन खेल प्रशिक्षक सुदर्शन पाटीदार ने किया तथा आभार प्रदर्शन स्कूल डायरेक्टर डॉ. राजेश कुमार पाटीदार द्वारा व्यक्त किया गया.

बेटमा में पहली बार 151 श्री रामचरित मानस अखंड पाठ आज से

महू/बेटमा. बेटमा में पहली बार 151 श्री रामचरित मानस के दिव्य अखंड रामायण पाठ का भव्य दो दिवसीय आयोजन गुरुवार से किया जा रहा है. श्री माँ क्षिप्रा अन्न क्षेत्र समिति मध्य मालवा एवं श्रीराम जानकी गौशाला परिवार के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान गुरुवार प्रातः 7.30 बजे शोभायात्रा से होगी. गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा श्री हनुमान मंदिर, मीठी बावड़ी, राजवाड़ा चौक से प्रारंभ होगी और नगर भ्रमण करते हुए बदीपुरा बालाजी मंदिर स्थित श्रीराम जानकी गौशाला पहुंचेगी. यात्रा में भागवताचार्य पं. रोहित पाठक अटावदा वाले एवं बालाजी मंदिर के पुजारी पं. अनिल दुबे भी शामिल रहेंगे. जगह जगह रहवासियों द्वारा पुष्पवर्षा एवं शीतल पेय पदार्थों से शोभायात्रा का स्वागत किया जाएगा. शोभायात्रा के पश्चात गौशाला परिसर में अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होगा. इस दौरान एक साथ 151 रामायण पर पाठ किया जाएगा. विभिन्न रामायण मंडल के सदस्य एवं श्रद्धालु बारी-बारी से लगातार 24 घण्टे तक 151 रामायण का पाठ करेंगे. रामायण पाठ की पूर्णाहुति शुक्रवार 22 मई को होगी. महाप्रसादी के साथ पाठ का समापन होगा. आयोजन के मुख्य यजमान ताराचन्द खण्डेलवाल तथा संयोजक मोहनसिंह सुमेर हैं. आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है.

कासलीवाल होंडा के ब्रांच मैनेजर की काली करतूत उजागर

महिला कर्मचारी को अश्लील मैसेज भेजकर किया प्रताड़ित

इंदौर. तिलक नगर थाना इलाके में स्थित एक नामी ऑटोमोबाइल शोरूम के ब्रांच मैनेजर की काली करतूत उजागर हुई है, जिसने अपनी ही अधीनस्थ महिला कर्मचारी का जीना दुश्वार कर रखा था. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी शिकंजा कस दिया है.

पुलिस के अनुसार, घटना तिलक नगर थाना क्षेत्र की है. यहाँ रहने वाली 27 वर्षीय पीड़िता ने थाने पहुँचकर आरोपी आनंद पिता ओमप्रकाश चौधरी निवासी सूर्यदेव नगर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह कासलीवाल होंडा में जॉब करती है. वहाँ का ब्रांच मैनेजर आनंद चौधरी नौकरी के शुरुआती दिनों से ही उस पर बुरी नजर रखता था. आनंद अक्सर काम के बहाने पीड़िता को केबिन में बुलाता और उसे अश्लील फोन कॉल तथा भद्दे मैसेज भेजकर लगातार मानसिक रूप से परेशान करता था. पीड़िता ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि गत 16 फरवरी को कार्यस्थल पर आरोपी आनंद चौधरी ने बुरी नीयत से उसे गलत तरीके से छुआ. इस घटना से पीड़िता बेहद सहम गई थी. चूंकि महिला की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी और उसे डर था कि विरोध करने पर उसकी नौकरी चली जाएगी, इसलिए उसने बदनामी और बेरोजगारी के डर से शुरुआत में पुलिस या शोरूम प्रबंधन से इसकी शिकायत नहीं की. आरोपी इसी मजबूरी का फायदा उठाकर लगातार दबाव बनाता रहा. आरोपी की प्रताड़ना और सनक का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह पीड़िता को फोन कर आने वाले महीनों के लिए टारगेट करने लगा.

अगले महीने घर खाली रहेगा, तुम्हें मिलने आना ही होगा

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आनंद ने उसे फोन पर धमकी भरे लहजे में कहा कि मई माह में मेरे परिवार वाले घर पर नहीं रहेंगे, तुम मुझसे आकर मिल लेना. मैं तुम्हें एक महीने पूर्व ही यह जानकारी दे रहा हूँ कि तुम्हें मई में मुझसे मिलना ही होगा. इस अजीबोगरीब और खौफनाक दबाव के बाद पीड़िता का सब्र का बांध टूट गया और उसने अपने परिवार को पूरी बात बताकर थाने जाने का फैसला किया. तिलक नगर थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी ब्रांच मैनेजर आनंद चौधरी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है.

नवविवाहिता ने घर में फांसी लगाकर किया सुसाइड

इंदौर. विजयनगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक नवविवाहिता ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. प्रारंभिक जांच में पति और ससुराल पक्ष से विवाद के चलते तनाव में होने की बात सामने आई है. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

25 वर्षीय सीमा जैन पत्नी हेमंत जैन निवासी अंजनी नगर ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना का खुलासा उस समय हुआ जब उसकी मां कमरे में पहुंची और उसे फंदे पर लटका देखा. परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया. आरोप है कि शादी के समय ससुराल पक्ष ने हेमंत की बीमारी की जानकारी छिपाई थी. इसी बात को लेकर शादी के बाद से ही दोनों पक्षों के बीच विवाद चलता रहा. विवाद बढ़ने के बाद सीमा पिछले करीब चार महीने से इंदौर में अपनी मां और भाई के साथ रह रही थी. पति-पत्नी के बीच तलाक का मामला भी न्यायालय में विचाराधीन था. मामले में थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि शुरुआती जांच में पारिवारिक विवाद आत्महत्या का कारण प्रतीत हो रहा है.

बच्चों के विवाद में गोली मारकर हत्या के प्रयास के आरोपी धराए

- पड़ोसियों के झगड़े ने ले लिया था हिंसक रूप
- झगड़े के दौरान फायर करने से पैर में लगी थी गोली
- पुलिस ने 24 घंटे में सभी आरोपियों को किया गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

इंदौर. खजराना थाना क्षेत्र में बच्चों के मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था, जहां एक व्यक्ति पर पिस्टल से फायर कर जानलेवा हमला कर दिया. पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे के भीतर सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और घटना में उपयोग हथियार भी जब्त कर लिया. घटना सोमवार 18 मई की रात करीब 11 बजे अशरफी कॉलोनी की है, जहां पड़ोस में रहने वाले बच्चों के झगड़े को लेकर विवाद बढ़ गया था, इसी दौरान आरोपियों ने वसीम उम्र 38 साल निवासी खानखा मस्जिद के पीछे, अशरफी कॉलोनी पर अचानक पिस्टल से फायर कर दिया, जिससे उसके पैर में गोली लग गई. घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया. मामले में फरियादी सोनू पिता बबलू खान की शिकायत पर खजराना थाने में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव ने विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू कराई.

दिल्ली चक्काजाम का असर इंदौर में, तीन दिन बंद रहेगी ट्रकों की बुकिंग

- 21 से 23 मई तक एनसीआर के लिए लोडिंग रोकने की अपील
- ट्रांसपोर्टरों ने बदली रूट प्लानिंग

नव भारत न्यूज

इंदौर. दिल्ली-एनसीआर में प्रस्तावित तीन दिवसीय चक्काजाम का असर शहर में दिखने लगा है. शहर के ट्रांसपोर्टरों ने 21 से 23 मई के बीच दिल्ली के लिए ट्रकों की बुकिंग और लोडिंग बंद करने का फैसला लिया है. ट्रांसपोर्ट संगठनों ने वाहन मालिकों और चालकों को इन दिनों दिल्ली रूट पर माल परिवहन नहीं करने की सलाह दी है.

इंदौर ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अनुसार ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के आह्वान पर यह देशव्यापी आंदोलन किया जा रहा है. दिल्ली एनसीआर में व्यावसायिक वाहनों पर बढ़ाए गए ग्रीन टैक्स, पुराने वाहनों के प्रवेश पर रोक और लगातार बढ़ती परिवहन लागत के विरोध में ट्रांसपोर्टर लामबंद हुए हैं. संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि आंदोलन के दौरान दिल्ली एनसीआर बॉर्डर पर वाहनों की एंट्री प्रभावित हो सकती है, जिससे ट्रकों के फंसने की स्थिति बन सकती है. इसी को देखते हुए इंदौर के ट्रांसपोर्टरों ने पहले ही बुकिंग रोकने और रूट प्लानिंग में बदलाव करने का निर्णय लिया है.

बढ़ती लागत व नए नियमों से ट्रांसपोर्ट कारोबार पर बढ़ा दबाव

ट्रांसपोर्ट संगठनों ने स्पष्ट किया है कि तीनों दिनों में दिल्ली-एनसीआर के लिए किसी भी प्रकार की लोडिंग नहीं की जाएगी. साथ ही ट्रांसपोर्टरों को सलाह दी गई है कि वे पहले से तय बुकिंग को आगे बढ़ाएं और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें. संघ के मुताबिक बढ़ती लागत और नए नियमों के कारण ट्रांसपोर्ट कारोबार पर दबाव बढ़ा है, जिसके चलते देशभर में यह विरोध किया जा रहा है. इंदौर में भी इसका असर साफ नजर आ रहा है और अधिकांश ट्रांसपोर्टर इस आंदोलन के समर्थन में शामिल हो रहे हैं.

वरिष्ठ खिलाड़ी संगठन का मिलन समारोह 23 मई को

महू. वरिष्ठ खिलाड़ी संगठन का प्रति वर्षानुसार होन वाला पारिवारिक मिलन समारोह इस वर्ष 23 मई को आयोजित किया जाएगा. इस समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए जाएंगे. संगठन के अध्यक्ष कैलाश दत पांडे ने बताया कि आयोजन 23 मई को हरिओम वाटिका में शाम सात बजे से आरंभ होगा. संगठन के अमर चंद, यूसुफ भाई उमेश भोसले ने बताया कि इस समारोह में गीत संगीत, लघु नाटक के साथ साथ अन्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे. यह प्रस्तुतियां संगठन के सदस्यों और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा दी जाएंगी. संगठन के कमल कैथवास, सुधीर बाथम, प्रदीप श्रीवास्तव, कैलाश चंद्र तारोड़िया, अनिल नीम, किशोर नीम रोशनलाल कौशल आदि ने सभी सदस्यों और वरिष्ठ खिलाड़ियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है.

एक नजर में ▶ इंदौर में ब्रिक्स-2026 की हलचल : एयरपोर्ट पहुंचे आला अफसर

विदेशी मेहमानों की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ के साथ बनाई रणनीति

इंदौर. प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर एक बार फिर वैश्विक पटल पर चमकने के लिए तैयार है. भारत की अध्यक्षता में आयोजित हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 की महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय बैठकें इस बार इंदौर में प्रस्तावित हैं. इस बेहद हाई-प्रोफाइल इवेंट में शामिल होने के लिए विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष, राजनयिक और विदेशी मेहमान शहर में कदम रखेंगे. अंतरराष्ट्रीय मेहमानों की सुरक्षा में कोई चूक न हो, इसके लिए इंदौर कमिश्नरेट पुलिस ने अभी से मोर्चा संभाल लिया है और सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने की कवायद शुरू कर दी है.

सुरक्षा संबंधी गहन समीक्षा कर रणनीतिक खाका तैयार किया

विदेशी मेहमानों के आगमन और उनकी %फुलप्रुफ% सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए सोमवार को इंदौर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी खुद देवी अहिल्याबाई होल्कर अंतरराष्ट्रीय विमानतल पहुंचे. डीसीपी जोन-1 नरेंद्र सिंह रावत, एडिशनल डीसीपी सुमित केरकेट्टा, एसीपी विवेक सिंह चौहान और एरोड्रम थाना प्रभारी वेदेन्द्र कुशवाह ने भारी पुलिस बल के साथ सुरक्षा का बारीकी से निरीक्षण किया. इस दौरान एयरपोर्ट की सुरक्षा संभालने वाले केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कमांडेंट भी विशेष रूप से मौजूद रहे. राज्य पुलिस और सीआईएसएफ के अधिकारियों ने मिलकर संयुक्त रूप से सुरक्षा प्रोटोकॉल, वीआईपी मूवमेंट के रूट्स, सुरक्षा घेरे और इमरजेंसी एग्जिट प्लान को लेकर गहन समीक्षा की और रणनीतिक खाका तैयार किया.

टैक्सी ड्राइवरों को दिए हिदायत और व्यवहार के कड़े निर्देश

विमानतल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था खंगालने के साथ ही पुलिस अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर संचालित होने वाली प्रीपेड और निजी टैक्सियों के ड्राइवरों व ऑपरेटरों की भी एक आवश्यक बैठक ली. अधिकारियों ने ड्राइवरों को निर्देशित किया कि चूंकि विदेशी मेहमानों के शहर में आते ही सबसे पहला सामना उनसे होगा, इसलिए उनका व्यवहार बेहद शालीन और अतिथि देवो भव की भावना के अनुरूप होना चाहिए. इसके साथ ही सभी ड्राइवरों को अपने वाहनों के दस्तावेज दुरुस्त रखने, बिना सत्यापन के किसी भी अज्ञात व्यक्ति को वीआईपी जोन के आसपास न बिठाने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने की सख्त हिदायत दी गई है.